

VisionWest
COMMUNITY HOUSING

# पारस्परिक विश्वास का निर्माण करते हुए

*Hikoi Tumanako-tahi*

*1988 से*

HOUSING FIRST

# HOUSING FIRST

## मकान मालिक *Housing First* में महत्त्वपूर्ण भागीदार हैं

*Housing First* परियोजना पट्टे पर किरायेदारी देने, इसका रखरखाव और सहयोग करने पर केंद्रित है और संपत्ति प्रदान करने के लिए हमें मकान मालिकों की ज़रुरत है।

हमारा मानना है कि किराये की संपत्ति एक निवेश है। *Housing First* किसी को नियुक्त करता है (जो एक रिलेशनशिप मैनेजर के रूप में जाना जाता है) जिसकी एकमात्र जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि संपत्ति का प्रबंधन अच्छी तरह से किया जाय। ऐसा करने के लिए वे सीधे किरायेदार की पेशेवर सहयोग टीम के साथ जुड़कर और मकान मालिक के मुख्य संपर्क के रूप में काम करते हैं।

हमारा मानना है कि मकान मालिक सुनिश्चित होना चाहते हैं कि उनकी संपत्ति का रखरखाव ठीक से हो और उनके कीमती सामान सुरक्षित हों। हम भी ऐसा ही चाहते हैं! इसीलिए हम संभावित खतरों को कम करने के लिए एक सघन किरायेदारी प्रबंधन पैकेज प्रस्तावित करते हैं।

## *Housing First* परियोजना से मकान मालिकों को क्या लाभ होगा?

हम एक व्यापक पैकेज प्रदान करते हैं जिनमें शामिल हैं:

- एक विश्वसनीय आवास प्रदाता के माध्यम से किरायेदारी की अवधि के लिए किराये की गारंटी
- मरम्मत (सामान्य प्रयोग से होने वाले नुक्सान को छोड़कर)
- तेज और स्पष्ट संचार के लिए एक मुख्य संपर्क
- एक पेशेवर टीम के द्वारा सघन किरायेदार सहयोग

## *Housing First* के द्वारा समस्त देखभाल

प्रत्येक किरायेदार के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यकर्ता नियुक्त किया जाता है जो नियमित रूप से (दैनिक या साप्ताहिक) किरायेदार से मिलने जाता है। वे यह सुनिश्चित करने के लिए एक अनुभवी पेशेवर टीम के साथ काम करते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति को उचित सहयोग मिले।

सहयोग में शामिल हो सकता है लोगों की खरीददारी करने और खाना पकाने में मदद करना, लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना या एक समझदार पड़ोसी बनने के लिए शिक्षित करना।

## हम किस प्रकार की संपत्ति खोज रहे हैं?

एक शयनकक्ष वाली इकाइयों और अपार्टमेंट सहित सभी प्रकार की संपत्ति।

## परेशानी रहित

*Housing First* एक परेशानी रहित सेवा प्रदान करता है जो किराये के साथ-साथ संपत्ति के बेहतर रखरखाव और मकान मालिकों के लिए एक मुख्य संपर्क की गारंटी देता है।

## अच्छा काम करिए

एक ऐसी परियोजना का हिस्सा बनिए जो हमारे समुदायों के ज़रूरतमंद लोगों के लिए मददगार साबित हुआ है।

## इसमें सबका फ़ायदा है

बेहतर ढंग से नियमित सहयोग प्राप्त करने वाली किरायेदारी में मकान मालिक और किरायेदार दोनों का फ़ायदा है, जिसके परिणामस्वरूप लंबे समय तक किरायेदारी बनी रहती है।

# VISIONWEST में हमारा लक्ष्य पारस्परिक विश्वास का निर्माण करना है। व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों के बीच।

हम गरीबी घटाने, आवासहीनता से निपटने, बुजुर्गों और बीमार लोगों का सहयोग करने, और युवाओं की अपने भविष्य के प्रति उम्मीद सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इसका मतलब है कि बेहतर जीवन और स्वस्थ समुदायों के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हम हर कदम पर लोगों के साथ होते हैं और उनकी शारीरिक, सामाजिक, आत्मिक और भावनात्मक ज़रूरतों में सांस्कृतिक रूप से उत्तरदायी तरीके से सहयोग करते हैं।

इस यात्रा का हिस्सा होने के लिए आपको धन्यवाद।

VisionWest
COMMUNITY TRUST





# आप परिवर्तन लाने में मदद **कर सकते हैं।**

**हमसे संपर्क करें**

यदि आप मकान मालिक हैं और *Housing First* परियोजना का हिस्सा बनने में रुचि रखते हैं, तो कृपया संपर्क करें:

VisionWest Community Housing

टेलीफ़ोन: 09 930 1609

ईमेल: housingfirst@visionwest.org.nz

**www.visionwest.org.nz**

VisionWest COMMUNITY HOUSING

HOUSING FIRST

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न...

## क्या मुझे बाज़ार की दर से किराया मिलेगा?

हाँ। आपको एमबीआईई (व्यापार, अभिनव और रोजगार मंत्रालय) द्वारा निर्धारित बाज़ार की औसत दर से किराया मिलेगा।

## किसी  भी अन्य किरायेदारी एजेंसी से VisionWest किस तरह अलग होगा?

आप चिंतामुक्त होंगे क्योंकि आपको हर हफ़्ते किराया मिलेगा। आपको बिना किसी प्रबंधन शुल्क के योजनाबद्ध ढंग से किरायेदारी प्रबंधन और किरायेदार के लिए सहयोग प्राप्त होगा। किरायेदार के द्वारा होने वाले किसी भी नुक्सान (सामान्य प्रयोग से होने वाले नुक्सान को छोड़कर) की मरम्मत VisionWest के द्वारा की जाएगी।

## यदि कोई किरायेदारों के बारे में शिकायत करता है तो क्या होगा?

किरायेदारों से संबंधित सभी मुद्दों को VisionWest संभालेगा।

## मेरा मुख्य संपर्क कौन है?

आपके लिए एक VisionWest हाउसिंग रिलेशनशिप मैनेजर नियुक्त किया जाएगा। वे आपके किसी भी प्रश्न के लिए मुख्य संपर्क होंगे।

## मकान मालिक की क्या जिम्मेदारी है?

- भवन का बीमा करना
- सामान्य रखरखाव
- सामान्य प्रयोग से होने वाले नुक्सान की मरम्मत (किरायेदार के द्वारा होने वाले नुक्सान को छोड़कर)
- पानी का स्थिर मूल्य

## किरायेदारों का चयन कौन करता है?

किरायेदार के चयन के लिए VisionWest जिम्मेदार है।

## यदि मुझे अनुबंध ख़त्म करने की आवश्यकता हो तो क्या होगा?

सामान्य आरटीए (आवासीय किरायेदार अधिनियम) नियम लागू होते हैं।

## भुगतान की क्या व्यवस्था है?

VisionWest संपत्ति को किराये पर लेगा और मकान मालिक को भुगतान करेगा।

## भू-परिदृश्य के रखरखाव के लिए कौन जिम्मेदार है?

लॉन और सामान्य बाह्य क्षेत्रों को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने के लिए VisionWest जिम्मेदार होगा।

**हमसे संपर्क करें:**

यदि आप मकान मालिक हैं और *Housing First* परियोजना का हिस्सा बनने में रुचि रखते हैं, तो कृपया संपर्क करें:

VisionWest Community Housing
टेलीफ़ोन: 09 930 1609  ईमेल: housingfirst@visionwest.org.nz
**www.visionwest.org.nz**

VisionWest COMMUNITY HOUSING

HOUSING FIRST